हरिभूमि
कांकेर भूमि
रायपुर, शनिवार 15 अगस्त 2026

तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

16 हर घर तिरंगा अभियान में शहीद के परिजन एवं...



16 इच्छापुर के विद्यार्थियों ने निकाली तिरंगा यात्रा...



[भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा]

खबर संक्षेप



तालाकुर्रा में विद्यार्थियों ने निकाली तिरंगा यात्रा

कांकेर। विकासखंड कांकेर के ग्राम तालाकुर्रा में प्राथमिक, माध्यमिक एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने तिरंगा यात्रा निकाली। हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर विद्यार्थियों ने गांव की गलियों में भारत माता के जयकारे लगाए, जिससे वातावरण देशभक्ति से सराबोर हो गया। विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को राष्ट्रप्रेम, तिरंगे के सम्मान और देश के प्रति कर्तव्य का संदेश दिया। कार्यक्रम में सरपंच विनोद रावटे, प्राचार्य शुभेष मिश्रा, प्रधान अध्यापक रायसिंग मांझी सहित रवि साहू, अनिता तिवारी, बिना शोरी, लक्ष्मी रामटेके, धनबत्ती गजेंद्र, पीटीआई चंचल सिन्हा, सुष्मिता धुर्व, तुलजा साहू, विजय देवांगन, तरणी सिन्हा, भानुराम भास्कर, नितिका यादव एवं तिलेश्वरी साहू उपस्थित रहे।

टेबलटॉप एक्सरसाइज 18 को जिला कार्यालय में

कांकेर। भारत सरकार राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा राज्य में बाढ़ आपदा को दृष्टिगत रखते हुए 18 अगस्त को जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में टेबलटॉप एक्सरसाइज का आयोजन प्रातः 10.30 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक रखा गया है। उक्त प्रशिक्षण में सभी संबंधित अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

जनसुनवाई व लाभार्थी संतृप्ति शिविर 15 तक

कांकेर। जिले के सातों विकासखंडों के 552 जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में आदि कर्मयोगी अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत 15 अगस्त तक सभी आदि सेवा केन्द्रों में जनसुनवाई, जन शिकायत निवारण एवं लाभार्थी संतृप्ति शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शिविरों में आदिम जाति विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, कृषि, वन, राजस्व, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, बैंकिंग एवं सीएससी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की जानकारी और सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे।

प्रवेश काउंसिलिंग 16 से 20 तक

कांकेर। राज्य में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9 वीं में प्रवेश के लिए द्वितीय काउसिलिंग के लिए विभागीय वेबसाइट पर छात्र-छात्राओं की सूची एवं काउंसलिंग सूची प्रदर्शित की गई है। काउंसलिंग 16 से 20 अगस्त तक की जाएगी। सूची में दर्शित प्रवास आवासीय विद्यालयों में सुबह 11 से शाम 4 बजे तक काउंसलिंग की जाएगी।

नशामुक्त भारत के लिए बैठक 17 को

कांकेर। नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय बैठक कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में 17 अगस्त को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक के पश्चात आयोजित की जाएगी। उक्त बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया गया है।

सुदूर अंचल में तिरंगे का गौरव पुलिस ने शहीदों को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

आजादी के पर्व 15 अगस्त से पहले भानुप्रतापपुर के उन सुदूर अंचलों में भी देशभक्ति का रंग देखने को मिला, जहां कभी नक्सली भय के कारण शासकीय भवनों, स्कूलों और पंचायत भवनों में तिरंगा फहराना भी चुनौती माना जाता था। भानुप्रतापपुर पुलिस ने पहल करते हुए इन क्षेत्रों में पहुंचकर न केवल तिरंगा फहराया, बल्कि ग्रामीणों में राष्ट्रप्रेम और लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति विश्वास का संदेश भी दिया।

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में थाना भानुप्रतापपुर पुलिस की टीम भानुप्रतापपुर से रवाना होकर बीहड़ एवं सुदूर अंचल के ग्राम परवी, खड़का और भूरका पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने गांव के सरपंच, पंच, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से मुलाकात कर स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर चर्चा की। इसके बाद ग्रामीणों की





मौजूदगी में तिरंगा फहराया गया। तिरंगा लहराते ही क्षेत्र देशभक्ति के नारों से गूंज उठा और ग्रामीणों में उत्साह का माहौल बन गया। बताया गया कि क्षेत्र में लंबे समय से नक्सली गतिविधियों के भय के चलते कई स्थानों पर राष्ट्रीय पर्व के दौरान भी तिरंगा फहराने को लेकर लोगों में डर का वातावरण रहता था।

पुलिस की इस पहल को ग्रामीण क्षेत्रों में सामान्य स्थिति और सुरक्षा के प्रति बढ़ते भरोसे के रूप में देखा जा रहा है। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भानुप्रतापपुर शेर बहादुर सिंह ठाकुर, थाना प्रभारी अंबर सिंह भारद्वाज सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहा। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता, स्वतंत्रता और शहीदों के बलिदान का प्रतीक है। सुदूर गांवों में तिरंगा फहराकर पुलिस ने स्वतंत्रता संग्राम के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और ग्रामीणों के साथ मिलकर राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया।

कांकेर के जंगल से राष्ट्रपति भवन तक पहुंची कलपर के शौर्य की गूंज

कलपर मुठभेड़ के जांबाजों को गैलेंट्री मेडल 29 माओवादी खात्मा टीम होगी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

हापाटोला-कलपर के घने जंगलों में 16 अप्रैल 2024 को गूंजती गोलियों की आवाज अब सुरक्षा बलों के शौर्य और अदम्य साहस की गाथा बन चुकी है। एक ऐसे ऑपरेशन में, जिसमें सुरक्षा बलों ने 29 माओवादियों को मार गिराया था, सीधे तौर पर शामिल अधिकारियों और जवानों के पराक्रम को अब राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिलने जा रहा है।

स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पहले 14 अगस्त को केंद्र सरकार ने ऑपरेशन में शामिल अधिकारियों व सुरक्षा बलों के कर्मियों एवं बीएसएफ के 20 अधिकारी व जवानों को मेडल फॉर गैलेंट्री से सम्मानित किए जाने की घोषणा की। कांकेर जिले के छोटेबेठिया थाना क्षेत्र के हापाटोला-कलपर जंगलों में हुआ यह अभियान देश के बड़े नक्सल विरोधी अभियानों में गिना जाता है। सुरक्षा बलों की टीम माओवादी गतिविधियों के खिलाफ अभियान पर निकली थी। इसी दौरान जंगल में जवानों का माओवादियों से आमना-सामना हो गया। देखते ही देखते दोनों ओर से भीषण गोलीबारी शुरू हो गई। घने जंगल और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बीच जवानों ने अदम्य साहस और रणनीतिक कौशल का परिचय देते हुए कई घंटे तक ऑपरेशन चलाया।

मुठभेड़ के बाद इलाके की सघन सर्चिंग में सुरक्षा बलों ने 29 माओवादियों के शव बरामद किए। घटनास्थल से बड़ी संख्या में हथियार और गोला-बारूद भी मिला। बरामद हथियारों में एके-47, दो इंसास राइफल, एक एसएलआर, एक कारबाइन, तीन 303 राइफल और दो पिस्तौल समेत अन्य सामग्री शामिल थी।

हापाटोला-कलपर के जंगलों में साहस और रणनीति से रचा था इतिहास



साहस का मिला सम्मान

इस ऐतिहासिक ऑपरेशन की सफलता के पीछे सुरक्षा बलों के अधिकारियों की रणनीति, सटीक निगरानी, बेहतर समन्वय और जंगल में मोर्चा संभाल रहे जवानों के अदम्य साहस की अहम भूमिका रही। अब गैलेंट्री मेडल की घोषणा के साथ कलपर ऑपरेशन में शामिल रहे वीर अधिकारियों और जवानों की बहादुरी को राष्ट्रीय सम्मान मिलने जा रहा है।

सम्मान पाने वाले 7 अधिकारी

कलपर मुठभेड़ की व्यूह रचना रखने वाले आईजी सुंदरराज पी. और आपरेशन को कामयाबी दिलाने वाले रणनीतिकार तत्कालीन कांकेर एसपी इंदिरा कल्याण एलेसेला, तत्कालीन एएसपी भानुप्रतापपुर आईपीएस संदीप पटेल, एएसपी पखांजूर प्रशांत शुक्ला, डीएसपी रवि कुजूर, सब इंस्पेक्टर रामवरण साहू और सब इंस्पेक्टर संतोष मिश्रा को मेडल फॉर गैलेंट्री सम्मान दिए जाने की घोषणा की गई।

सम्मान गर्व का विषय

कांकेर के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक इंद्रिरा कल्याण ऐलेसेला ने हरिभूमि से बात करते हुए कहा कि कलपर मुठभेड़ में शामिल पूरी टीम के लिए गैलेंट्री मेडल मिलना गर्व और सम्मान का विषय है। यह पदक किसी एक व्यक्ति की उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरी टीम की मेहनत, साहस, अनुशासन और आपसी समन्वय का सम्मान है। ऑपरेशन के दौरान जवानों ने कठिन परिस्थितियों में अदम्य साहस का परिचय दिया।

सम्मान पाने वाले आरक्षक

इस सम्मान को पाने वाले में बड़ी संख्या में बस्तर फाइटर्स, डीएसएफ, आरक्षक और रिक्रूट आरक्षक भी पदक पाने वालों की सूची में शामिल हैं। बस्तर फाइटर्स के पवन देव साहू, सोहित कुमार यादव, गिरधर शोरी, विवेकानंद नेताम, ओमेश मंडावी, रविंद्र कुमार साहू, तरुण कुमार, नंद कुमार, निरंजन मरकाम, प्रवीण कुरेटी, प्रमोद कुमार, चैनूराम भास्कर, महेंद्र कुमार भूआर्य, नवलराम मंडावी, कामेश्वर कावड़े, गुलशन कोर्राम, विकास कुमार नेताम, पूनम चांद, विनय कुमार दुग्गा, निखिलेश कुमार टांडिया, विश्वनाथ सिन्हा, धीरज बनर्जी, अमरेल पॉल, मनजीत जुर्री, सुमन कावलिया, संजय नेताम, भरत कुमार, प्रमोद कुमार, अमन मानदेव, अमीर कुमार मरकाम, अजय कुमार, राहुल कुमार सलाम, राकेश रावटे, विश्वनाथ मंडावी और सतीश कुमार यादव शामिल हैं। डीएसएफ आरक्षक तिजाऊ राम मरकाम, अर्जुन दर्रो, लक्ष्मन नेताम, भुवनेश्वर मरकाम और मैनूराम कोमरे को भी सम्मान मिलेगा। आरक्षक वर्ग में सूर्यकांत श्रीमाली, श्रीन अथमतलम, अर्जुन ताती, दिनेश कांगे, आत्माराम ध्रुव, कृष्णा नेताम, वेदांत कश्यप, युगल किशोरे, देवाराम, तुलसीराम, कुमेश कुमार, नोमेश कुमार नायक, शोभीराम दुग्गा और उमेश बेरदा के अलावा रिक्रूट आरक्षक कमलेश मरकाम और फगनूराम कावड़े को मेडल फॉर गैलेंट्री सम्मान दिए जाने की घोषणा की गई।

रात में घर में घुसकर तोड़फोड़ की और धमकी दी, रिपोर्ट दर्ज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सिंगारभाट क्षेत्र में घर में घुसकर तोड़फोड़ करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। मामले में सिंगारभाट निवासी रोशन लाल नाग ने कांकेर थाना प्रभारी को लिखित आवेदन सौंपकर आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता ने कांकेर पुलिस को बताया कि 12 अगस्त की रात करीब 9 बजकर 51 मिनट पर खूटापारा सिंगारभाट निवासी विनय नाग उनके घर पहुंचा और उनकी वृद्ध मां को परेशान करने लगा। इस दौरान कथित रूप से गाली-गलौज करते हुए घर में तोड़फोड़ की गई।

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि आरोपी ने उसे फोन पर अश्लील गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। आरोपी अपने साथ टंगिया और चाकू लेकर आया था। उसने घर की खिड़की और गमलों में तोड़फोड़ की, जिससे सामान क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद परिवार में भय का माहौल है। शिकायतकर्ता ने पुलिस से मामले की जांच कर आरोपी के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता ने आवेदन के साथ घटना से संबंधित साक्ष्य भी पुलिस को उपलब्ध कराने की बात कही है। इनमें घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज, धमकी से संबंधित कॉल रिकॉर्डिंग तथा घटना के दौरान हुई तोड़फोड़ की तस्वीरें शामिल हैं।

पुलिस द्वारा शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ धारा 296, 324(2), 351(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया। जांच के बाद घटना की वास्तविक स्थिति और आरोपों की पुष्टि के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

केवटी प्राशा में एसएसबी जवानों ने श्रमदान कर साफ-सफाई की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

33 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) केवटी द्वारा प्राथमिक शाला केवटी में श्रमदान एवं स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं के साथ एसएसबी के अधिकारियों एवं जवानों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

एसएसबी जवानों और विद्यालय परिवार ने मिलकर स्कूल परिसर, कक्षाओं तथा आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई की। अधिकारियों एवं जवानों ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर विद्यालय परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में अपना योगदान दिया। विद्यार्थियों ने भी पूरे उत्साह और समर्पण के साथ स्वच्छता अभियान में भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं स्थानीय समुदाय में स्वच्छता, श्रमदान, पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक सहभागिता की भावना को बढ़ावा देना रहा। इस दौरान उपस्थित लोगों को संदेश दिया गया कि स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखना केवल किसी एक व्यक्ति की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक सदस्य का सामूहिक दायित्व है। श्रमदान कार्यक्रम के माध्यम से सुरक्षा बल और स्थानीय समुदाय के बीच आपसी सहयोग, विश्वास एवं सौहार्द को भी मजबूती मिली। एसएसबी अधिकारियों एवं जवानों ने विद्यार्थियों को नियमित रूप से स्वच्छता बनाए रखने तथा आसपास के वातावरण को साफ रखने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय परिवार ने 33 वीं वाहिनी के अधिकारियों एवं जवानों की इस सराहनीय पहल के लिए आभार व्यक्त किया।

चारामा में युवक से मारपीट की 4 पर मामला कायम, जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

थानापारा चारामा वार्ड नंबर 06 निवासी वासुदेव विश्वकर्मा ने अपने भाई के साथ मारपीट किए जाने की शिकायत थाना चारामा में दर्ज कराई है। शिकायत में चार युवकों पर गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्का, लात और कड़े से मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है। पुलिस से मामले में कार्रवाई की मांग की गई है। शिकायत के अनुसार 13 अगस्त को करीब साढ़े 10 बजे वासुदेव विश्वकर्मा का भाई कुश कुमार विश्वकर्मा काम से घर लौटा था। इसके बाद वह घर के



पास स्थित दुकान से सामान लेने गया था। सामान खरीदकर वापस घर के पास पहुंचने के दौरान दो मोटरसाइकिलों से पहुंचे चिराग सहारे, उदय रंगारे, अज्जू सोनकर और शिवम यादव ने उसे कथित रूप से रोक लिया। आरोप है कि चारों युवकों ने कुश कुमार के साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और हाथ-मुक्का तथा लात से मारपीट शुरू कर दी।

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति संबंधी तिथियां घोषित

कांकेर। जिले में संचालित शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों, जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं। उनके लिए शिक्षा सत्र 2026-27 हेतु नवीनीकरण के लिए 30 सितम्बर, 30 नवम्बर एवं दिसम्बर 2026 तक तथा नवीन आवेदन हेतु 30 अगस्त, 30 सितम्बर, 30 अक्टूबर एवं 30 दिसम्बर तक तिथि निर्धारित की गई है। इसकी विस्तृत जानकारी अपने संस्था प्रमुख के सूचना पटल एवं उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है।

अचानक बदला कांकेर का मौसम बारिश के बाद उमस से मिली राहत

कांकेर। कांकेर शहर में शुक्रवार को दिनभर उमस और गर्मी के बाद अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। दोपहर करीब 3 बजे आसमान में घने बादल छा गए और इसके बाद बारिश शुरू हो गई। शाम करीब 5 बजे तक रुक-रुककर बारिश का दौर चलता रहा। बारिश से तापमान में गिरावट आई और लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। सड़कें बारिश से भीग गईं और मौसम सुहाना हो गया।

कांकेर शहर में अचानक हुई बारिश से आम लोगों के साथ किसानों को भी राहत मिली है। खेती-किसानी के लिए यह बारिश उपयोगी मानी जा रही है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार छत्तीसगढ़ में अगले 48 घंटे के दौरान बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने की संभावना है। कुछ क्षेत्रों में भारी से बहुत भारी बारिश भी हो सकती है। कांकेर में 15 से 21 अगस्त तक अधिकतम तापमान करीब 29 से 32 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। 15 अगस्त को अधिकतम तापमान करीब 29 डिग्री, 16 अगस्त को 30 डिग्री, 17 अगस्त को 31 डिग्री और 18 अगस्त को करीब 32 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।

देश की एकता, अखण्डता बनाए रखने की जिम्मेदारी युवाओं के कंधों पर

राष्ट्रसेवा व देशभक्ति की प्रेरणा से स्वतंत्रता के सम्मान में दौड़ा कांकेर

आजादी के 80वें वर्ष के गौरवपूर्ण अवसर से पहले शुक्रवार को कांकेर शहर देशभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। हाथों में तिरंगा और दिल में राष्ट्रप्रेम का जज्बा लिए जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, युवक-युवतियां और स्कूली विद्यार्थी शहर की सड़कों पर दौड़े। मौका था खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय स्वतंत्रता दौड़ का, जिसमें उत्साह और जोश के साथ बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर विधायक नेताम ने उपस्थित लोगों को नशामुक्त समाज निर्माण की शपथ भी दिलाई।

स्वतंत्रता दौड़ में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, विद्यार्थी व नागरिक हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नरहरदेव पीएमश्री शासकीय उमावि के खेल परिसर से स्वतंत्रता दौड़ का शुभारंभ हुआ। कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने हरी झंडी दिखाकर प्रतिभागियों के जत्थे को रवाना किया। तिरंगा लेकर दौड़ते प्रतिभागियों का कारवां घड़ी चौक, ऊपर-नीचे रोड, मस्जिद चौक और जयस्तंभ चौक होते हुए नए बस स्टैंड के सामने स्थित नवनिर्मित मिनी स्टेडियम परिसर पहुंचा। इस दौरान शहर में देशभक्ति का माहौल बना रहा और भारत माता के जयघोष से वातावरण गूंजता रहा। कार्यक्रम के मंचीय समारोह में मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि स्वतंत्रता, एकता और अखंडता की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से हर वर्ष स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया जाता है।

उन्होंने कहा कि देश की आजादी और इसकी एकता-अखंडता को चिरस्थायी बनाए रखने की जिम्मेदारी युवा पीढ़ी के कंधों पर है। उन्होंने समाज में आपसी सौहार्द, भाईचारा और सद्भाव बनाए रखने की अपील करते हुए विद्यार्थियों से अनुशासन को अपनी पहचान बनाने का आह्वान किया।

दौड़ में यह रहे शामिल

आयोजित दौड़ में पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा, नगरपालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक, एसडीएम सरस्वती बंजारे, प्रभारी खेल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर टीकाराम देवांगन, जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन, समाजसेवी पप्पू मोटवानी सहित नागरिक और विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

दायित्वों का ईमानदारी और पूरी निष्ठा से करें निर्वहन

कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने कहा कि स्वतंत्रता दौड़ नई पीढ़ी को आजादी के महत्व और देश की स्वतंत्रता के लिए बलिदान देने वाले शहीदों के योगदान का स्मरण कराने का माध्यम है। उन्होंने बताया कि जिले के कुछ अतिसंवेदनशील गांवों में माओवाद के भय के कारण कभी राष्ट्रध्वज नहीं फहराया गया था, लेकिन माओवाद उन्मूलन के बाद अब इन गांवों में पहली बार तिरंगा फहराया जाएगा। कलेक्टर ने हर घर तिरंगा, वंदे मातरम् और विभाजन की विभीषिका की जानकारी देते हुए कहा कि हमें यह सोचने के बजाय कि देश ने हमें क्या दिया, यह विचार करना चाहिए कि हम देश के लिए क्या कर सकते हैं। अपने दायित्वों का ईमानदारी और पूरी निष्ठा से निर्वहन करना भी सच्ची देशभक्ति है।

आईटीआई में 21 को रोजगार मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था अंतागढ़ में 21 अगस्त को एक दिवसीय रोजगार मेला सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें निजी क्षेत्र के नियोजको द्वारा 222 रिक्तियों पर भर्ती की जाएगी। इच्छुक आवेदक उक्त रोजगार मेला मे उपस्थित होकर अथवा ई-रोजगार के पोर्टल पर सम्पूर्ण दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि उक्त रोजगार मेला में सिक्यूरिटी गार्ड के 100, असिस्टेंट



सुपरवाइजर के 20, सुपरवाइजर 8, इलेक्ट्रिक मीटर टेक्नीशियन के 21, बीमा सखी के 10, नर्सिंग स्टाफ 10, ओटी टेक्नीशियन 3 और ट्रेनिंग ऑफिसर के 30 रिक्त पदों पर भर्ती ली जाएगी।



पल्लव मण्डल

हरिभूमि संवाददाता
पखांजूर
मो. 94064-04179



समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक
बधाई एवं शुभकामनाएं

मानविक मण्डल
पुत्र





समस्त क्षेत्रवासियों को

स्वतंत्रता दिवस की

हार्दिक शुभकामनाएं...



हमारा देश एक कृषि प्रधान देश हैं जहां खेती मुख्य व्यवसाय है

अन्नदाता : किसान खेतों में दिन-रात मेहनत करके हम सभी के लिए अनाज उगाते हैं।

आर्थिक रीढ़ : कृषि किसी भी देश की अर्थव्यवस्था और विकास की मुख्य रीढ़ होती है।

प्राकृतिक संतुलन : यह हमें भोजन, फल सब्जियां और जीवन के लिए जरूरी कई

विनीत

कृषि विभाग, पखांजूर

कृषि विभाग पखांजूर की ओर से

समस्त क्षेत्रवासियों को

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...

"सारे हिन्दुस्तां की बलिदान गाथा गाएगा,
ये तिरंगा आसमां पर शान से लहराएगा"



सब पढ़े
सब बढ़ें

सौजन्य

देव कुमार शील

खण्ड शिक्षा अधिकारी कोयलीबेड़ा (पखांजूर)

(मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित)

समस्त क्षेत्रवासियों को



स्वतंत्रता दिवस

की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं

योजना का लाभ

- मुफ्त डिलीवरी (सिजेरियन सहित)
- मुफ्त दवाइयाँ, जांच और खून चढ़ाना
- मुफ्त परिवहन सुविधा (घर से अस्पताल और डिस्चार्ज के बाद घर तक)
- नवजात शिशु को मुफ्त देखभाल
- गर्भावस्था के दौरान मां और बच्चे के स्वास्थ्य की देखभाल।
- हर महीने की 9 तारीख को मुफ्त स्वास्थ्य जांच
- हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी की पहचान
- मुफ्त दवाइयों और सलाह
- 108 और 102 एम्बुलेंस गाड़ी सुविधा उपलब्ध।
- 2 महिला डॉक्टर उपलब्ध।
- Gynecologist की सुविधा उपलब्ध।

संजीव कुमार वैष्णव (BMO)

आयुष्मान भारत के द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा

-:: सौजन्य ::-

सिविल/मातृ शिशु अस्पताल पखांजूर

विकासखण्ड - कोयलीबेड़ा

समस्त क्षेत्रवासियों को



स्वतंत्रता दिवस

की हार्दिक शुभकामनाये

कुछ नशा तिरंगे की आन का है,
कुछ नशा मातृभूमि की मान का है।
लहराएंगे हर जगह ये तिरंगा,
नशा ये हिन्दुस्तान की शान का है!

चुन्नीलाल स्वर्णकर (एसडीओ)

-:: सौजन्य ::-

ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (RES) कोयलीबेड़ा









मा. भोजराज नाग
सांसद कांकेर



मा. विक्रम उसेण्डी
विधायक, अंतागढ़



मा. आशाराम नेताम
विधायक, कांकेर



समस्त क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता
दिवस
15 अगस्त
की हार्दिक शुभकामनाएँ

आजादी के इस पावन पर्व पर, वीर सपूतों को याद करें,
जिन्होंने देश की खातिर प्राण दिए, उनका सम्मान करें।
उनकी कुर्बानी से महका है छत्तीसगढ़ का आंगन,
शहीदों के बलिदान को दिल से शत-शत नमन करें।

तिरंगा जब आसमान में लहराता है, वीरों की याद दिलाता है,
हर कांकेरवासी का सीना गर्व से फूल जाता है।
जिन वीरों ने हंसकर देश पर अपना जीवन वार दिया,
उन अमर सपूतों ने हमें आजादी का उपहार दिया।
स्वतंत्रता दिवस पर उन शहीदों को शत-शत नमन।

मा. टंकराम वर्मा
राजस्व मंत्री छ.ग. शासन





मो. विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री छ.ग. शासन

15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई... शुभकामनाएं...



लहराए तिरंगा नीले आकाश पर गगन को चूमकर,
वीरों के शौर्य की गाथाएँ गाए देश झूमकर।
हर कतरे में बहता है जिस मिट्टी का अभिमान,
उस आज़ाद हिंद की रक्षा में न्योछावर हर प्राण।



मा. विक्रम उसेंडी
विधायक अंतागढ़



सुनीता मंडल



दीपांकर राय



अजय बाछर



लच्छुराम गावड़े



महेश उइके



मनोहर यादव



सुनील जैन



जितेन्द्र मरकाम



कामिनी उसेंडी



पीलूराम उसेंडी



इरफान खान



दिनेश आंचल

विनीत - समस्त कार्यकर्तागिण भारतीय जनता पार्टी अंतागढ़ विधानसभा

बड़ी संख्या में युवाओं, विद्यार्थियों और नागरिकों ने लगाई दौड़

राष्ट्रीय एकता का दिया संदेश

स्वतंत्रता सद्भावना दौड़ में दिखा देशभक्ति का जज्बा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग कोण्डागांव द्वारा शुक्रवार को विकास नगर स्टेडियम में स्वतंत्रता सद्भावना दौड़ का आयोजन किया गया। दौड़ में युवाओं, स्कूली छात्र–छात्राओं, प्रशिक्षणार्थियों एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना का प्रदर्शन किया।

स्वतंत्रता सद्भावना दौड़ विकास नगर स्टेडियम से प्रारंभ होकर जिला न्यायालय परिसर, नेशनल हाईवे, जयस्तंभ चौक एवं बाजारपारा होते हुए वापस विकास नगर स्टेडियम पहुंचकर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में प्रतिभागियों में खासा उत्साह देखने को मिला। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल ने कहा कि स्वतंत्रता दौड़ देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर शहीदों को समर्पित है। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के त्याग को स्मरण करते हुए राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को मजबूत बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियां युवाओं को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाने के साथ उनमें अनुशासन, एकता और राष्ट्र निर्माण की भावना को भी बढ़ावा देती हैं।

न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)
रा.प्र.क्र./202608140400030 /अ-6/2025-26

:: उद्घोषणा ::

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजकुमार खटवानी पिता स्व. हीरालाल खटवानी व अन्य 01, निवासी आमापारा कांकेर द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र अनुसार मोहल्ला आमापारा कांकेर में स्थित भूमि शीट नं. 6 सी, प्लाट नं. 79, क्षेत्रफल 171 व.मी., पक्का मकान मय फेसिंग, वार्षिक भू-भाटक 33.30 रू. सीमा खटवानी पति राजकुमार खटवानी नि. कांकेर नजूल अभिलेख में दर्ज है। पट्टेदार सीमा खटवानी की मृत्यु दिनांक 10.07.2026 को होने का उल्लेख करते हुए मृतक पट्टेदार का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर विधिक वारिसों का नाम दर्ज किये जाने मेन्टेनेंस खसरा, नक्शा, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आधार, तलवाना सहित छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को कोई दावा आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्घोषणा के दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन/ नगर/ मोहल्ले में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 13/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर

नजूल अधिकारी
उत्तर बस्तर कांकेर

53 छात्राओं को वितरित की निःशुल्क साइकिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने और छात्राओं को विद्यालय आने–जाने में सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित सरस्वती साइकिल वितरण योजना के तहत मंगलवार को स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय तहसीलपारा में साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने 53 छात्राओं को निःशुल्क साइकिलें वितरित की। विधायक लता उसेंडी ने कहा कि सरस्वती साइकिल योजना बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। साइकिल मिलने से दूर–दराज से विद्यालय आने वाली छात्राओं को आवागमन में सुविधा मिलेगी और स्कूल पहुंचने में होने वाली परेशानियां कम होंगी। विधायक ने विद्यार्थियों से कहा कि वे अभी से अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करें और उसे हासिल करने के लिए पूरी लगन एवं मेहनत से प्रयास करें। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को नियमित एवं समय पर विद्यालय भेजने तथा उनकी पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की अपील की। विधायक ने श्रम विभाग द्वारा संचालित शैक्षणिक योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति एवं शिक्षा सहायता योजनाएं संचालित हैं। पात्र विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से इन योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया गया। साइकिल वितरण कार्यक्रम के बाद विद्यालय परिसर में करीब 10 लाख रुपये की लागत से प्रस्तावित शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी किया गया।





जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी आमजनों की समस्याएं

कोण्डागांव। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आम नागरिकों की समस्याएं एवं मांगें सुनीं। संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्धारित समय–सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। जनदर्शन में ग्राम मोहपाल निवासी सियाबती नेताम ने राशन कार्ड के बावजूद राशन नहीं मिलने की समस्या को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। ग्राम भुरकाभाटा के ग्रामीणों ने मक्का विक्रय की राशि प्राप्त नहीं होने की समस्या से अवगत कराते हुए भुगतान कराने के संबंध में आवेदन दिया। ग्राम आंवराभाटा निवासी पुनीत राम नेताम ने आंवराभाटा से छोटे तरईबेड़ा मार्ग पर पुल निर्माण की मांग को लेकर आवेदन सौंपा। ग्राम मालाकोट निवासी परसू राम बघेल ने माध्यमिक शाला एवं हायर सेकेंडरी विद्यालय में शिक्षकों की व्यवस्था किए जाने की मांग रखी। जनदर्शन में विभिन्न क्षेत्रों से नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH) नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग
त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग
मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग
पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग
अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉवर्स के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
मिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, मिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श
नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
TPA की सुविधा
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

अब मोतिया-बिन्द की सर्जरी से डरना छोड़िए!
अनुभवी फेको सर्जन
बिना इंजेक्शन
बिना टांके
बिना पट्टी
MICS तकनीक से सुरक्षित एवं आरामदायक सर्जरी
तेज रिकवरी, तुरंत घर वापसी कम समय में सर्जरी
प्रीमियम MULTIFOCAL / EDOF लैंस उपलब्ध
बिना इंजेक्शन के आई ड्रॉप से सर्जरी
फिर से साफ दिखेगा परिवार का हर मुस्कुराता चेहरा
डॉ. दिलीप लालवानी नेत्र रोग विशेषज्ञ फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ (MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE, AAO MEMBER)
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड़, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
योन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130













संकलनकर्ता - संजय सिन्हा, संवाददाता हरिभूमि चारामा मो. 7879090901









संकलनकर्ता - घनश्याम यादव, संवाददाता हरिभूमि अंतागढ़ मो. 9827966794

खबर संक्षेप

बरकई में बुजुर्ग ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



सरोना। सरोना थाना क्षेत्र के ग्राम बरकई में 71 वर्षीय व्यक्ति ने अपने घर के कोठे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान प्रीतम राम नाग पिता रामभरोस नाग के रूप में हुई है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार प्रीतम राम नाग ने अज्ञात कारणों के चलते अपने घर में बकरी बांधने के लिए बनाए गए कोठे में फांसी लगा ली। घटना की जानकारी परिजनों को होने के बाद उन्होंने तत्काल सरोना थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी योगेन्द्र कुमार वर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और आवश्यक कार्रवाई की। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने परिजनों एवं आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। थाना सरोना पुलिस ने मर्ग क्रमांक 31/26 धारा 194 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मृतक गांव के पटेल थे और शांत स्वभाव के व्यक्ति बताए जा रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

आईटीआई में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 16 से



कांकेर। राज्य की सभी शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में सत्र 2026-27 एवं 2026-28 में उपलब्ध रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए सप्तम चरण की काउंसलिंग के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कांकेर के प्राचार्य ने बताया कि जिले की सभी 08 शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं- महिला कांकेर, बालक कांकेर, भानुप्रतापपुर, अंतागढ़, चारामा, दुर्गूकोंदल, नरहरपुर और पखांजूर में संचालित विभिन्न रोजगारोन्मुखी ट्रेडों की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि 16 से 18 अगस्त तक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

30 लीटर महुआ शराब एवं बाइक जब्त, एक गिरफ्तार



कांकेर। थाना कांकेर पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को 30 लीटर हाथ भट्ठी से बनी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से शराब परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त की है। थाना प्रभारी कांकेर को मुखबिर से 14 अगस्त को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति केशकाल की ओर से हल्के आसमानी रंग की मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीटी 5847 में महुआ शराब लेकर कांकेर की ओर आ रहा है। सूचना पर गश्ती प्रधान आरक्षक कौशल कुमार साहू हमराह पुलिस स्टाफ और गवाहों के साथ अघन नगर सिटी सेंटर के पास पहुंचे और घेराबंदी कर संदिग्ध को पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम 58 वर्ष ध्रुव राम नेताम निवासी अघन नगर कांकेर बताया। तलाशी लेने पर मोटरसाइकिल के सामने रखी पीले रंग की प्लास्टिक बोरी के अंदर 30 लीटर क्षमता वाली सफेद प्लास्टिक जरकिन मिली। इसमें हाथ भट्ठी से बनी देशी महुआ शराब भरी हुई थी। पुलिस ने शराब और परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को जब्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। आरोपी के पास शराब रखने अथवा बिक्री करने का कोई वैध लाइसेंस नहीं मिला। जब्त शराब को सीलबंद कर नियमानुसार कार्रवाई की गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

हर घर तिरंगा अभियान में शहीद के परिजन एवं पूर्व सैनिकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय, प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के आह्वान पर हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत भाजपा मंडल भानुप्रतापपुर द्वारा विभिन्न भूतपूर्व सैनिकों, शहीद परिवारों एवं नक्सल उन्मूलन अभियान में अपना योगदान देने वाले वीर भाइयों एवं बहनों से आत्मीय भेंट कर उन्हें शॉल, श्रीफल एवं भारतीय अस्मिता के प्रतीक तिरंगा झंडे भेंट कर सम्मानित किया गया। मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे जी द्वारा सभी स्थानों पर मिठाई का वितरण भी किया गया।

